भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2583

जिसका उत्तर मंगलवार, 18 फरवरी 2014 को दिया जाना है

भारी उद्योग क्षेत्र में चीन के उत्पादों का आयात

2583. श्री तरुण विजय:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में भारी उद्योग क्षेत्र में चीन से उत्पाद-वार कुल कितना आयात किया गया है और इन्हें भारत के किन-किन क्षेत्रों में आयात और उपयोग किया गया है;

(ख) देशी औद्योगिक उत्पादन पर इस तरह के आयातों का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) भारत से कितने भारी उद्योग उत्पादों का निर्यात किया गया है और क्या इस पर चीन से बढ़ते आयात का प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रफुल पटेल)

(क): भारी उद्योग के मुख्य क्षेत्रों में चीन से उत्पाद-वार आयात की मात्रा सारणीबद्ध रूप में संलग्न है। ये उत्पाद अलग-अलग प्रवेश द्वारों/पत्तनों पर प्राप्त किए जाते हैं और उनका उपयोग पूरे देश में स्थित उद्योगों में किया जाता है।

(ख): भारी उद्योग के क्षेत्रों में चीन के उत्पादों के आयात के फलस्वरूप पूंजीगत माल क्षेत्र में घरेलू क्षमता का कम उपयोग हो रहा है।

(ग): भारी उद्योग उत्पादों जैसे कि मशीन उपकरण, वस्त्र मशीनरी, भारी इलेक्ट्रिकल उपकरण, निर्माण और खनन मशीनरी तथा धातुकर्म मशीनरी का निर्यात भारत से किया जाता है।

विगत 3 वर्षों के दौरान निर्यात में वृद्धि की प्रवृत्ति रही है। चीन से आयातित उत्पादों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. **2583:** भारी उद्योग क्षेत्र में चीन से आयातों की मदवार मात्रा।

(₹ करोड़ में)

एचएस कोड	**उत्पाद**	**2012-13**	**2013-14 (अप्रैल-सितम्बर)**
	मशीन उपकरण		
8456	ईडीएम/ईसीएम मेटल रिमूविंग मशीन	62.39	62.36
8457	मशीनिंग सेन्टर	22.80	6.86
8458	चक्रयंत्र	100.87	25.27
8459	चक्रयंत्र के अलावा मशीनी उपकरण	87.78	45.02
8460	घिसाई मशीन	102.52	111.23
8461	उपकरण काटने वाली मशीन	103.68	23.99
8462	फोरजिंग प्रैस सहित प्रैस	640.35	188.03
8463	ड्राइंग मशीन	96.74	38.76
8464	पत्थरों पर कार्य हेतु मशीन उपकरण	146.34	107.10
8465	लकड़ी संबंधी कार्यो हेतु मशीन	90.51	43.23
8466	मशीन उपकरण संबंधी सहायक सामग्री	332.96	177.64
कुल		**1786.94**	**829.49**
	वस्त्र मशीनरी		
8444	एक्सट्रूडिंग और ड्राइंग मशीन	371.34	157.45
8445	सूत कातने की मशीन	581.27	204.38
8446	कपड़ा बनाने की मशीन	517.12	236.18
8447	बुनाई मशीन	634.64	676.35
8448	वस्त्र मशीनरी संबंधी सहायक सामग्री	302.19	132.32
8449	ऊनी कपड़ा बनाने की मशीन	140.86	43.06
कुल		**2547.41**	**1449.73**
	भारी इलेक्ट्रिकल उपकरण		
8402	ब्वॉयलर	407.34	208.24
8403	ब्वॉयलर (केन्द्रीय तापक)	4.78	1.80
8404	ब्वॉयलर संबंधी सहायक सामग्री	208.44	37.95
8406	भाप टर्बाइन	386.18	205.85
8501	विद्युत मोटर और जनरेटर	1151.50	613.42
8502	विद्युत सृजनकारी सेट	95.68	17.25
8503	जनरेटर के भाग	1019.55	513.68
8504	ट्रांसफॉर्मर	2767.96	1619.81
कुल		**6041.42**	**3218.00**
	निर्माण और खनन मशीनरी		
8426	क्रेन	1169.72	195.01
8427	फॉर्क लिफ्ट ट्रक	125.06	54.29
8428	उत्तोलक और स्वचालित सीढ़ी	799.26	419.44
8429	बुलडोजर	286.31	124.29
8430	कॉमपेक्टिंग और खुदाई मशीनरी	623.89	376.25
8431	मैटिरियल हैंडलिंग उपकरणों के भाग	1394.91	754.82
8474	कंक्रीट घोलना आदि	836.89	341.96
8479	सामान्य मशीनरी और यंत्र जो अन्य कहीं विनिर्दिष्ट नहीं है	1797.25	952.84
8705	विशेष प्रयोजन भारवाहन	10.00	0
कुल		**7043.28**	**3218.91**
	धातुकर्म मशीनरी		
8454	ढलाई मशीनें	316.49	103.24
8455	मैटल रोलिंग मिल्स	649.79	388.196
कुल		**966.28**	**491.43**

आंकड़ों का स्रोत (डीजीसीआई एण्ड एस, वाणिज्य विभाग)

*****